मंगल गीत प्रबन्ध सो जिन गुण गाईयो॥
जो जन सुनहिं बखानहिं स्वरधर गावहीं।
मनोवाञ्छित फल सो नर निश्चय पावहीं॥
पावहीं आठों सिद्धि नवनिधि मन प्रतीति जो लावहीं।
भ्रमभावछूटहिं सकल मन के निज स्वरूप सो ध्यावहीं॥
पुनः हरहिं पातक टरहिं विघ्न सो होय मंगल नितनये।
भणिरूपचन्द्र त्रिलोकपति जिनदेव चौसंघहिजये॥४॥

श्री जिनायनमः।

भूधरजैनशतक।

श्रीऋषभदेवकी स्तुति।

पोमावती छन्द।

ज्ञान जहाज वैठ गणधरसे गुण पयोधि जिस नांहि तरे हैं।
अमर समूह आन अवनी[1] सों घस घस सीस प्रणामकरे हैं।
किधों भाल कुकर्म्म की रेखा दूर करन का बुद्धिधरे हैं।
ऐसे आदिनाथ के अहनिशि[2] हाथ जोर हम पांव परे हैं ॥१॥
कायउत्सर्ग मुद्रा धर वन में ठाडे ऋषभ रिद्धि तज दीनी।
निश्चल अङ्ग मेरु हि मानों दोनों भुजा छोर जिन लीनी।
फसे अनन्त जन्तु जग चहला दुःखी देख करुणा चित चीनो
काढन काज तिन्हें समरथ प्रभु किधौं बांह दीरघ यह कीनी॥२

(१) अवनी=जमीन (२) अहनिश=रात दिन।

मैं मतिहीन भगति वश भावना भाईयो।
मंगल गीत प्रबन्ध सो जिन गुण गाईयो॥
जो जन सुनहिं बखानहिं स्वरधर गावहीं।
मनोवाञ्छित फल सो नर निश्चय पावहीं॥
पावहीं आठौं सिद्धि नवनिधि मन प्रतीति जो लावहीं।
भ्रमभावछूटहिं सकल मन के जिन स्वरूप सो ध्यावहीं॥
पुनः हरहिं पातक टरहिं विघ्न सो होय मंगल नितनये।
भणिरूपचन्द्र त्रिलोकपति जिनदेव चौसंगहिजये ॥६॥

श्री जिनायनमः ।

भूधरजैनशतक ।

श्रीऋषभदेवकी स्तुति ।

पोमावती छन्द ।

ज्ञान जहाज बैठ गणधरसे गुण पयोधि जिस नांहि तरे हैं ।
अमर समूह आन अवनी सों घस घस सीस प्रणामकरे हैं ।
किधों भाल कुकर्म्म की रेखा दूर करन का बुद्धिधरे हैं ।
ऐसे आदिनाथ के अहनिशि हाथ जोर हम पांव परे हैं ॥१॥
कायउत्सर्ग मुद्रा धर वन में ठाडे ऋषभ रिद्धि तज दीनी ।
निश्चल अङ्ग मेरु हि मानों दोनों भुजा छोर जिन लीनी ।
फसे अनन्त जन्तु जग चहला दुःखी देख करुणा चित चीनी
काढन काज तिन्हें समरथ प्रभु किधौं बांह दीरघ यह कीनी॥२

(१) अवनी=जमीन (२) अहनिस=रात दिन ।

करनो कछू है न करतें कारज तातें पाणि प्रलम्ब करे हैं।
रह्यो न कछू पायन तें पैबो ताही तें पद नाहिं टरे हैं।
निरख चुके नैनन सब यातें नेन नासिका अनी धरे हैं।
कहा सुने कानन कानन यों जोग लीन जिन राज खरे हैं ॥ १॥

छप्पै छन्द ।

जयो नाभि भूपाल बाल सुकुमाल सुलक्षण।
जयो स्वर्ग पाताल पाल गुणमाल प्रतिक्षण।
दृगविशाल वरभाल लाल नखचरण विरज्जहिं।
रूप रसाल मराल चाल सुन्दर लख लज्जहिं।
रिपु जाल काल रिसहेशहम फसे जन्म जम्बालदह।
यातें निकाल बेहाल अति भो दयाल दुख टाल यह ॥२॥

श्रीचन्द्रप्रभप्रभुस्वामीकी स्तुति।

पोमावती छन्द।

चितवत वदन अमलचंद्रोपम तज चिन्ता चित होय अकामी।
त्रिभुवन चन्द्र पाप तप चन्दन नमत चरण चन्द्रादिक नामी।
तिहुँ जगछई चन्द्रिका कीरती चिह्नचन्द्र चिन्तत शिवगामी ॥
वन्दूं चतुर चकोर चन्द्रमा चन्द्र वरण चन्द्रप्रभुस्वामी ॥३॥

श्री शान्तिनाथ स्वामी की स्तुति।

मत्तगयन्द छन्द।

शान्ति जिनेश जयो जगतेश हरैं अघ ताप निशेश कि नांई।
सेवत पाय सुरासुर आय नमैं सिर नाय महीतल तांई।
मौलि विषे मणिनील दिपै प्रभु के चरणौं झलकै वहु झांई।
सूंघन पाय सरोज सुगन्धि किधौं चल के अलि पगति आंई॥६

श्री नेमिनाथ स्वामी की स्तुति।

घनाघरी छन्द।

शोभित प्रियग अंग देखे दुख होय भग लाजत अनंग जैसे दीप भानु भास तैं। वाल ब्रह्मचारी उग्रसेन की कुमारी जादों, नाथ तैं निकारी कर्म कादों दुखरास तैं। भीम भव कानन में आनन सहाय स्वामी अहो नेमिनामी तक आयो तुम्हैं तासतै। जैसे कृपासिधु वन जीवन की वन्द छोड़ि यौंहि दास की खलास कीजे भव फांस तैं॥७॥

श्रीपार्श्वनाथ स्वामी की स्तुति।

सिंहावलोकन अलंकार छप्पैछन्द स्तुति॥

जन्म जलधि जलयान जान जन हंस मानसर।

सर्व इन्द्र मिल नाम माल जिस धरें सीस पर ।
पर उपकारी बाल बाल उत्पन्न कुनय गन ।
भवसरोज बन भाम भान मम मोह तिमरघन ।
घन वर्ण देह दुख दाह हर हर्षत हेत मयूरमन ।
मन मत्तमतंग हरिपार्स जिन मन विसरहु छिन जगतजन ॥

श्रीवर्द्धमान अर्थात् महावीरस्वामी की स्तुति ।

दोहा छन्द ।

दृढ़ कर्माचल दलन पवि भवि सरोज रविराय ।
कञ्चन छवि कर जोर कवि नमत वीर जिन पाय ॥ १ ॥

पोमावती छन्द ।

रहो दूर अन्तर की महिमा बाहज गुण वर्णन बल कापै ।
एक हजार आठ लच्छन तन तेज कोटि रवि किरण न तापै ।
सुरपति सहस आंख अञ्जुलि सों रूपामृत पीवत नहिं धापै
तुम बिन कौन समर्थ वीर जिन जगसों काढ़ मोखमें थापै ।

श्री सिद्धों की स्तुति ।

मत्तगयन्दछन्द ।

ध्यान हुताशन में अरि ईंधन झोंक दियो रिपु रोक निवारी

शोक हरा भवि लोकन का वर केवल भान मयूख उधारी
लोक अलोक विलोक भये शिव जन्म जरामृत पंक पखारी
सिद्धनथोक वसै शिव लोक तिहीं पग धोक त्रिकाल हमारी ११
तीरथनाथ प्रणाम करें जिन के गुण वर्णन मैं बुध हारी।
मोम गयो गल मोख मझार रहा तिहिंव्योम तदाकृत धारी
जन्म गहीर नदी पति नीर गए तिर तीर भये अविकारी।
सिद्धनथोक वसे शिवलोक तिहीं पगधोक त्रिकाल हमारी।

श्रीसाधु परमेष्ठी को नमस्कार।

घनाचरी छन्द।

शीत ऋतु जोरें अङ्ग सब ही सकोरें तहां तन को न मोरें नदी धोरै धीर जे खरे। जेठ की झकोरैं जहां अण्डा चील छोरें पशु पक्षी छांह लोरें गिर कोरें तप ये धरे। घोर घन घोरैं घटा चहों ओर डोरें ज्यों ज्यों चलत हिलोरें त्यों त्यों फोरें बल ये अरे। देह नेह तोरें परमारथ से प्रीत जोरें ऐसे गुरु मेरे हम हाथ अञ्जलि करें। १३

११। भानमयूख=सूर्य की किरणें। पंक=कीचड़। व्योम=आकाश। गहीर=गहिरा। १२ तीर्थनाथ=तीर्थंकर १३ गिरकोरं=पहाड़ की चोटियां।

श्रीजिनवाणी को नमस्कार।

मत्तगयन्दछन्द।

वीर हिमाचल तैं निकसी गुरुगौतमके मुख कुण्ड ढरी है।
मोह महाचल भेद चली जग की जड़ता तप दूर करी है।
ज्ञान पयोनिधि मांहि रली बहु भङ्ग तरङ्गन तैं उछरी है।
ता शुचिशारद गङ्गनदी प्रतिमैं अञ्जुली निजशीशधरीहै १४
या जगमंदिर में अनिवार अज्ञान अंधेर छयो अति भारी।
श्रीजिनकी धुनि दीपशिखासुम जो नहीं होय प्रकाशनहारी
तौ किस भांति पदारथ पांति कहां लहते रहते अविचारी।
या विधि संत कहैं धन हैं धन हैं जिन बैन बडे उपकारी।१५

श्रीजिनवाणी और परमतवाणी अंतर दृष्टांत।

घनाक्षरीछन्द।

कैसे कर केतकी कनेर एक कहि जाय आक दूध गाय दूध अन्तर घनेरो है। पीरो होत रीरी पै न रीसकरै कंचन की कहां कागवाणी कहां कोयलकी टेर है। कहां भानतेज

१४। पयोनिधि = समुद्र।

१६। रीरी = पीतल। कंचन = सोना।

भारो कहां आगिया विचारो कहां पूनो को उजारो कहां मावस अन्धेर है। पक्ष तज पारखी निहार नैन नोके कर जैन बैन और बैन इतनो ही फेर है ॥ १६ ॥

कब गृह वास सौं उदास होय वन मेंउ वेऊ निज रूप रोकूं गतिमन करी की। रहि हौं अडोल एक आसन अचल अंगसही हौं परिषहशीत घाम मेघ झरीकी। सारंगसमाज खाज कबध्यौं खुजावे आन ध्यानदल जोर जी तूं सेना मोह अरी की। एकल विहारी यथा जात लिंग धारी कब होऊं इच्छाचारी वलहारी वाह घरी की ॥१७

राग वैराग अन्तर कथन।

घनाक्षरी छंद।

राग उदय भोग भाव लागत सुहावनेसे विना राग ऐसे लागें जैसे नाग कारे हैं। राग ही से पाग रहे तनमें सदीव जीव राग गए आवत गिलानि होत न्यारे हैं। राग ही से जग रीति झूठो सब साच जानै राग मिटै सूझत असार

१७। गति = चाल। मनकरी = मन रूपी हाथी। सारंग = हिरण। जातलिंग = नग्नवेश (दिगंबर)।

बेद मारे हैं। रागी बीतरागी के बिचार में बडो है मेद
बैसे महा पच्छ पक्ष काऊ को बघारे हैं॥ १८

भोग निषेध कथन।

मत्तगयन्द छंद।

तू नित चाहत भोग नये नर पूरब पुन्य बिना किम पैहे। कर्म संयोग मिले कहिं जोग गहे जब रोग न भोग सकै है। जो दिन चारक ब्योंत बन्यो कहिं तो फिर दुर्गति में पछतैहै है। या हित यार सलाह यही कि गई कर जाहि निबाह न ह्वै है॥ १९

देहनिरूपणकथन अर्थात् देहके निर्णय में।

मत्तगयन्द छन्द।

मात पिता रज बीरज सौं उपजी सब सात कुधातु भरी है। माखिन की पर माफिक बाहर चाम कि बेठन बेढ धरी है। नातर माय लगैं अब ही बगु बायस जीव बचै न घरी है। देह दशा यहि दीखत भ्रात घिनात नहीं किम बुद्धि हरी है॥ २०

---

१८ भर — शाच है। १ । बायस — काग

संसार दशा निरूपण वर्णन ।

घनाक्षरी छन्द ।

काउ घर पुत्र जायो काउ के वियोग आयो काउ राग रङ्ग काउ रोआ रोई करी है। जहां भान ऊगत, उछाह गीत गान देखे सांझ समय तहां थान हाय हाय परी है। ऐसी जग रीत को विलोक कै न भीत होय हा हा नरमूढ तेरी बुद्धिकौन हरी है। मानुष जनम पाय सोवत विहाना जाय खोघत करोडन की एक एक घरी है ॥ २१ ॥

सोरठाछन्द ।

कर कर जिन गुण पाठये जात अकारथ रे जिया।
आठ पहर में साठों घड़ी घनेरे मोल की ॥ २२ ॥
कानी कौडी काज किरोडन को लिख देत खत ।
ऐसे मूरखराज जग वासी जिया देखिये॥ २३ ॥

दोहाछन्द ।

कानी कौडी विषै सुख भव दुख करज अपार ।
विन दीये नहीं छूटते लेशक दाम उधार॥ २४ ॥

२१भान=सूर्य। विहाना=वृथा । २४ लेशक=थोडासा।

शिष्य उपदेश कथन।

छप्पै छन्द।

दस दिन विषै विनोद फेर बहु विपत परम्पर।
अशुच गेह यह देह नेह जानत न आप जर।
मित्र बन्धु सनबन्धि और परिजन जे अङ्गी।
अरे अन्ध सब धन्ध जान स्वारथ के संगी।
परहित अकाज अपनो न कर मूढ़राज अब समझ उर।
तज लोक लाज निज काज कर आज दाव है कहत गुरु ॥२५॥

घनाक्षरी छन्द ॥

जौलौं देहतेरी काहु रोगसों न घेरी जौलौं जरानांहि नेरी जासों पराधीन परिहै। जौलौं जम नामा बैरी देय न दमामा जौलौं मानै कान रामा बुद्धिजाय न बिगरि है। तौलौं मित्र मेरे निज कारज समार लीजे पौरुष थकेंगे फिर पाछे कहा करि है। अहो आग आये जब झोंपरी जरन लागी कूवा के खुदाये तब कौन काज सरि है ॥ २६ ॥

---

२५. परम्पर = पंक्ति। जर = जड़।

सौ वरष आयु ताका लेखा कर देखा सव, आधि तो अकारथ हि सोवत विहाय रे। आधी में अनेक रोग वालवृद्ध दशा योग और हूं संजोग केते ऐसे वीत जांय रे। वाकी अव कहा रही ताही तूं विचार सही कारज की वात यही नोको मन लायरे। खातिरमें आवे तो खलासो कर हाल नाहीं काल घाल परै है अचानक ही आयरे ॥ २७॥

वाल पने वाल रह्यो पाछै गृह काज भयो लोक लाज काज वांधो पापन को ढेर है। आपना अकाज कीनो लोकन में यश लीनो परभव विसार दीनो विषै विष जे रहे। ऐसे हि गई विहाय अलप सो रही आय नर परयाय यह अन्धे की वटेर है। आये श्वेत भईया अव काल है अवैया इम जान नर सियाने तेरे अज्ञों भी अन्धेर है ॥ २८॥

मत्तगयंद छन्द ॥

वालपने न सभाल सक्यो कछु जानत नांह हिताहित ही को यौवन वैस वसी वनिता उर कै नित राग रह्यो लछमी को यों पन दोयविगोय दिये नर डारत क्यों नरकैं निज जी को आये हैं श्वेत अज्ञों सठचेत गई सोगई अवराख रहीको ॥२९।

२८। अलप = थोड़ा। २९। वनिता = स्त्री।

चिन्तत यौं दिनजात चले यम आय अचानक देत धकाजी ।
खेलत खेल खिलार गए रह जायरूपो शतरञ्जकी वाजी ।३२
तेज तुरग सुरंग मिले रथ मत्त मतग उतंग खरे हैं ।
दास खवास अवास अटाधन जोर करोरन कोश भरे हैं ।
ऐसे भये तो कहा भयो हेनर छोड चले जब अन्त छडेही ।
धाम खरे रहि काम परे रहि दामगरेरहि ठाम धरेही ॥३३॥

अभिमान निषेध वर्णन ॥

घनाक्षरी छन्द ।

कञ्चन भण्डार भरे मोतिन के पुञ्जपरे घने लोग द्वार खरे मारग निहारते । यान चढे डोलते हि झीने स्वर बोलते हि काउको तो ओर नेक नोके न चितारते । कौलों धन खांगे तेउ कहे तो न जांगे तेउ फिरैं पाय नांगे कांगे पर पग झारते एते पै अयाना गरभाना रहा विभोपाय धृग है समझ तेउ धर्म न समारते ॥३४॥

देखो भर यौवन मैं पुत्रको वियोग भयो तैसेही निहारी

---

३२ । रुपो=खिलरी । ३३ । तुरंग=घोडे । मतग=हाथी ।
३४ । कंचन=सोना ।

निज नारी काज मरमैं। जैसे पुन्यवान जीव दीखते पे जगत
ही मैं रंकमये फिरैं तेउ क्यों हि न परमैं। ऐसे है प्रमाण। जग
अतिघसों भरे राग दोष न वैराग जागै रहौ मैं मरम मैं।
मोहवसों देख अन्ध सुख की लालसेरी परी ऐसे राजरोग को
ईलाज कहा जग मैं॥ १५॥

दोहा छन्द।

जैनवचन अञ्जनवटी आँजैं सुगुरु परवीन।
राग तिमिर तऊ न मिटै,बड़ो रोग लखलीन॥१६॥

निज व्यवहार कथन॥

घनाक्षरी छन्द।

कोई दिन बीते कोई आयुमें अचानक घटै पल पल बीते
जैसे अञ्जलि को जल है। देह नित छीन होय नैन तेज हीन
होय चीकन मलीन होय छीन होय बल है। आवै जरा मेरी
ताके अन्तक अहेरी आवै परभो नजीक जात नरभो निफल

१५। रंक—गरीब। १६। अञ्जन—सुरमा। परवीन—
चतुर। तिमिर—नेत्ररोग। १७ जरा—बुढ़ापा अन्तक—यम

है। मिलके मिलापीजन पूछत कुशल मेरी ऐसी हो दशा में मित्र काहे की कुशल है ॥ ३७ ॥

वृद्ध दशा कथन ।

मत्तगयन्द छन्द ॥

दृष्टि घटि पलटी तनकी छवि वंकभई गतिलंक नई है। रूसरही परनी धरनी अति रंक भयो परयंक लई है। कम्पतनार वहै मुख लार महामति संगत छाड़ गई है। अंग उपंग पुरान भये तिशना उर और नवीन भई है॥ ३८ ॥

घनाक्षरी छन्द ॥

रूप को न खोज रह्यो तरु ज्यों तुषार दह्यो भयो पतझर किधों रहो डार सूनी सी। कूवरी भई है कटि दूवरी भई है देह उवरी इतेक आयु सेर मांह पूनी सी। यौवन ने विदा लीनी जरा ने जुहार कीनो हीन भई सुद्ध बुद्धि सबी वात ऊनी सी। तेज घट्यो ताव घट्यो जीतव सों चाव घट्यो और सब घटे एक तिश्ना दिन दूनीसी ॥३९॥

३९। तुषार = वर्फ। कटि = कमर (लंक)।

घनाक्षरी छन्द ॥

अहो इन आपने अभाग उदय नाहिं जानी वीतराग वानी सार दया रस भीनी है। जौबन के जोर थिर जंगम अनेक जीव जानजे सताये कछू करुणा न कीनी है। तेई अब जीव राश आये परलोक पास लेंगे बैर देंगे दुख भई ना नवीनी है। उनही के भयको भरोसा जान कांपत है याही डर डोकराने लाठी हाथ लीनी है ॥ ५० ॥

जाको इन्द्र चाहैं अहमिन्द्र से उमाहैं जासों जीव मुक्ति मांहि जाय भौमल बहावै है। ऐसो नर जन्म पाय विषै विष खाय जैसे कांच सांटै मूढ़ मानक गमावै है। माया नदी बूड़ भीजा काया बल तेज छीजा आयापन तीजा अब कहा बन आवै है। तातैं निज सीस ढोलैं नीचे नैन कीये डोलैं कहा बढ़ बोलैं वृद्ध बदन दुरावै है ॥ ५१ ॥

मत्तगयन्द छन्द ॥

देखहु जोर जरा भटको जमराज महीपति के अगवानी।
उज्जल केश निशान धरे बहुरोगनकी संग फौज पलानी।

---

५० । करुणा — दया । ५१ जरा भट — बुढ़ापा रूप सुभट

काय पुरी तज भाग चलो जिस आवत योवन भूप गुमानो।
लूटलई नगरी सगरी दिन दोयमखोयहिनाम निशानो ॥४२॥

दोहा छन्द ॥

सुमति छोर यौवन समें सेवत विषै विकार।
खल सांटे नहिं खोइये जन्म जवाहर सार ॥ ४३ ॥

कर्तव्य शिक्षा कथन ॥

--(घनाक्षरी छन्द)--

देव गुरु साचे मान साचो धर्म हिये आन साचोहि वखान सुन सांचे पन्थ आवरे। जोवन की दया पाल झूठ तज चोरी टाल देख न विरानीवाल तिशना घटावरे। अपनी वडाई पर निन्दा मत करै भाई यही चतुराई मद मास को वचाव रे। साध पट कर्म साधु संगत में वैठ जीव जो है धर्म साधन को तेरे चित चाव रे ॥ ४४ ॥

साचो देव सोई जा में दोप को न लेश कोई वाहि गुरु साचै उर काउ की न चाह है। सही धर्म वही जहां करुणा प्रधान कही ग्रन्थतेंई आदि अन्त एकसो निवाह है। यही जग रत्न चार इनही को परख यार साचे लेउ झूठे डार नरभौ

का कहा है। मानुष विवेक बिना पशु की समान गिना तातैं यही ठीक बात पारनी सलाह है ॥ ४५ ॥

देव लक्षण मत विरोध निराकरण।

छप्पै छन्द ॥

जो जग वस्तु समस्त हस्त तल जेम निहारैं।
जग जन को संसार सिन्धु के पार उतारैं।
आदि अन्त अविरोध वचन सबको सुखदानी।
गुण अनन्त जिस मांहि रोषकी नाहीं निशानी।
माधो महेश ब्रह्मा किधौं वर्धमान के बौद्ध यह।
ये चिन्ह जान जाके चरण नमो नमो मुझ देव वह ॥ ४६

यज्ञ विषे जीव होम निषेध ॥

घनाक्षरी छन्द ॥

कहैं पशु दीन सुन यज्ञ के करैया मोहि होमत हुताशन में कौनसी बड़ाई है। स्वर्ग सुख मैं न चहूं देउ मुझे यों न कहूं घास खाय रहूं मेरे यही मन भाई है। जो तू यही जानत है वेद यों बखानत है यज्ञ जला जीव पावै स्वर्ग सुखदाई है।

४६। माधो = विष्णु। ४७। हुताशन = आग।

डारै क्यों न वीर जामे अपने कुटम्ब ही को मोहे क्यों जारै जगत ईश को दुहाई है ॥ ४७ ॥

सातोंवार गर्भित कर्म उपदेश।

छप्पै छन्द ॥

अघ अन्धेर आदित्य नित्य सिज्झाय करीज ।
सोमायम ससार ताप हर तप कर लीज।
जिनवर पूजा नेम करो नित मगल दायन।
वुध सयम आदिरो धरो चित श्रीगुरु पायन ।
निजवित समान अभिमान विन शुक्र सुपात्र हि दानकर।
यों सुनि सुधर्म पट कर्म भण नरभो लाहा लेउ नर ॥४८॥

॥ दोहा छन्द ॥

येही छह विधि छैः कर्म सात विसन तज वीर।
इस ही पैंडे पहुचिये क्रमक्रम भवजल तीर ॥ ४९ ॥

सप्त व्यसन कथन ॥

जूवा खेलन१ मांस२ मद३ वेश्या विसन४ शिकार ५।
चोरी६ पर रमणी रमण७ सातों पाप निवार ॥ ५० ॥

---

५० । पर रमणी=पर स्त्री ।

जूवा निषेध कथन ॥

छप्पै छन्द ।

सकल पाप संकेत आपदा हेत कुलच्छन ।
कलह खेत दारिद्र देत दीसत निज अच्छन ।
गुण समेत यश सेत केत रवि रोकत जैसे ।
औगणन का केत लेत लख बुधजन ऐसे ।
जूवा समान इस लोक में और अनीत न पेखिये ।
इस विसन रायके खलको कौतुक हूं नहिं देखिये ॥११॥

मांस निषेध कथन ॥

छप्पै छन्द ॥

जंगम जी को नाश होय तब मांस कहावै ।
सपरस आकृत नाम गन्ध उर घिन उपजावै ।
नरक योग निरदई खांहि नर नीच अधरमी ।
नाम लेत तज देत असन उत्तम कुल करमी ।

---

११ । खल — खेलक । कहाय — कहावैं ।

यह अशुच मूल सबतें बुरो कृमकुल रास निवास नित।
आमिष अभक्ष इसको सदा वरजो दोष दयाल चित॥५२।

मदिरा निषेध कथन॥

दुमिला छन्द।

कृम रास कुवास सुरापद है शुचिता सब छूवत जात सही॥
जिसपान किये सुधि जाय हिये जननी जनजानत नार यही।
मदरा सम और निषेध कहा यहजानभले कुलमें न गही।
धिकहै उनको वह जीवजलो जिन मूढनके मतलीन कही॥५३

वेश्या निषेध कथन॥

दुमिला छन्द॥

धनकारण पापनि प्रीत करै नहि तोरत नेह यथा तिनको।
लब चाखत नीचन के मुखकी शुचिता सब जाय छुये जिनको
मद मांस बजारनि खाय सदा अन्धले विसनी न करैं घिनको॥
गणिका संग जे शठ लीन भये धृक है धृक है धृक है तिनको।

५२। अशुच = अशुद्धि। आमिष = मास।
५४। गणिका = वेश्या।

आखेट (शिकार) निषेध कथन ।

घनाक्षरी छन्द ।

कानन में बसें ऐसे आनन गरीब जीव प्रानन सों प्यार प्रान पून्जी जिस पास है । कायर सुभाव धरें न काहूसों द्रोह करें सब ही सों डरें दांत लिये तृण रहें हैं । काहू से न रोष पुनि काहू पै न पोष चाहें काउके परोष पर दोष नाहिं धरें हैं । नेक स्वाद सार वे को ऐसा मृग मारवेको हाय हाय रे कठोर तेरो कैसे कर चले हैं ॥ ५५॥

चोरी निषेध कथन ।

छप्पैछन्द ।

चिन्तातजै न चोर रहत चौंकायत सारै ।
पीटैं धनी विलोक लोक निर्दई मिल मारै ।
प्रजापाल कर कोप तोप पर रोप उड़ावै ।
मरै महादुख पेख अन्तनीची गति पावै ।
अदु विपत मूल चोरी विसन प्रगट त्रास आवै नजर ।
परवित अदत्त अङ्गार गिन नीत निपुन परसै न कर ॥५६॥

५६। कर = हाथ।

परस्त्री निषेध कथन।

छप्पैछन्द।

कुगति वहन गुण दहन दहन दावानलसी है।
सुयश चन्द्र घन घटा देह कृश करन छई है।
धनसर सोखन धूप धरम दिन सांझ समानो
विपत भुजङ्ग निवास वांबई वेद वखानो।
यहि विध अनेक औगुण भरी प्रान हरन फांसी प्रवल।
मत करहु मित्र यह जानकर पर वनता सो प्रीत पल॥५७

स्त्री त्याग प्रशंसा कथन।

दुमिलाछन्द।

दिव दीपक लोय वनी वनता जढ़ जीव पतङ्ग जहां परते।
दुख पावत प्राण गमावत हैं वरजे न रहैं हठ सों जरते।
इसभांति विचक्षण अंखयनके वस होय अनीत नहीं करते।
परतीय लख जे धरती निरखें धन हैं धन हैं धन हैं नर ते ५८
दृढशील शिरोमणि कारजमें जगमें यश आरज तेहि लहै
तिनके युग लोचन वारिज हैं इस भांत अचारज आप कहै।

५७। दहन = आग। ५८ वारिज = कमल

पर कामिनि को मुखचन्द्र चितैं मुंद जांय सदा यह टेव गहैं।
धन जीवन है तिन जीवनको धनि है अघमोचन मोख लहैं॥५९

कुशील निन्दा कथन।

मत्तगयन्द छंद।

जे परनारि निहारि निलज्ज हँसैं विगसैं बुधहीन बड़ेरे।
जूठन की जिम पातर पेखि खुशी उर कूकर होत घनेरे।
है जिनकी यह टेव सदा तिनको इस भौ अपकीरति हेरे।
है परलोक विषै दृढ़ दंड करै शतखंड सुखाचल केरे॥६०

जो एक एक व्यसन सेवन सों नष्ट भये तिनके नाम।

छप्पैछन्द।

प्रथम पांडवा भूप खेलि जूआ सब खोयो।
मांस खाय बकराय पाय विपदा बहु रोयो।
बिन जाने मदपान योग जादौगन दज्झे।
चारुदत्त दुख सह्यो वेसवा विसन अरुज्झे।
नृप ब्रह्मदत्त आखेटसों द्विज शिवभूति अदत्तरति।
पररमनि राचि रावन गयो सातों सेवत कौन गति॥६१॥

६१। पररमनी — पर स्त्री (सीता)।

दोहा छन्द ।

पाप नाम नरपति करै नरक नगर मैं राज ।
तिन पठये पायक विसन निज पुरवसतीकाज ॥६२॥
जिनकै जिनवर वचनकी वसी हिये परतीत ।
विसन प्रीत ते नर तजो नरक वास भयभीत ॥६३॥

कुकवि निन्दा कथन ।

मत्तगयन्द छंद ।

राग उदय जग अन्धभयो सहजै सब लोकन लाज गमाई ।
सीख विना नर सीख रहा वनिता सुख सेवन की चतुराई ।
तापर और रचैं रस काव्य कहा कहिये तिनकी निठुराई ।
अन्ध असूझन को अखिया मध मेलत हैं रज राम दुहाई ॥६४॥
कञ्चन कुम्भन की उपमा कहि देत उरोजन को कविवारे ।
ऊपर श्याम विलोकत कै मणि नीलमकी ढकनी ढकछारे ।
यों सत वैन कहै न कुपण्डित ये युग आमिष पिण्ड उघारे ।
साधन डारदई मुहछार भए इसहेत किधों कुम्नकारे ॥६५॥

---

६५ । कंचनकुम्भ = सोने के कलश । ६७ मतग = हाथी ।

विधातासों तर्क कर कुकवि निन्दा कथन।

मत्तगयन्द छन्द।

हे विधि भूल भई तुमतें समझे न कहां कसतूरी बनाई।
दीन कुरङ्गन के तनमें तिन दन्त धरै करुणा नहिं आई।
क्यों न करी तिन जीभन जे रस काव्य करैं पर कौ दुखदाई
साधु अनुग्रह दुर्जन दण्ड दुहू सधते विसरी चतुराई॥११॥

मनरूप हस्ती वर्णन।

छप्पै छन्द।

ज्ञान महावत डार सुमति सांकल गहि खण्डै।
गुरु अंकुश नहिं गिनै ब्रह्म व्रत वृक्ष विहण्डै॥
कर सिद्धान्त सर न्हौन केलि अघरज सौं ठानै।
करण चपलता धरै कुमति करणी रति मानै॥
डोलत सुछन्द मदमत्त अति गुणपथिक आवत डरै।
वैराग्य खम्भ न बांध नर मन मतङ्ग विचरत बुरे॥१२॥

गुरु उपकार कथन।

घनाक्षरी छन्द।

ढाईसी सराय काय पांथि जीव बस्यो आय रात जय

निध जापै मोक्ष जाको घर है। मिथ्या निशकारी जहां मोह अन्धकार भारी कामादिक तसकर समुहन को थर है। सोवे जो अचेत सोई खोवै निज सम्पदा को तहां गुरु पाहरू पुकारैं दया कर है। गाफिल न हूजे भ्रात ऐसी ही अन्धेरी रात जागरे बटेऊ जहां चोरनको डर है ॥६८॥

चारों कषाय जीतन उपाय कथन।

मत्तगयन्द छन्द।

छेम निवास छिमाधुवनी विन क्रोध पिशाच डरै न टरैगो।
कोमल भाव उपाय विना यह मान महामद कौन हरैगो।
आर्जव सार कुठार विना छल बेल निकन्दन कौन करैगो।
संतोष शिरोमणिमन्त्र पढेविन लोभफणी विप क्यों उतरैगो६९

मिष्टवचन बोलन उपदेश।

मत्तगयन्दछन्द॥

कांहेको बोलत बोल बुरे नर नाहक क्यों यशधर्म गमावै॥
कोमल बैन चवै किन ऐन लगै कछु है न सबै मन भावै।

६८। तसकर=चोर। ६९। फणी=साप।

ताहू छिरै रसना न बिधै न घटै कुछ मद्द दरीद्र न आवै।
कीच कहै खिया हान नहीं तुम को सुनजीवनको सुखपावैगे॥७०॥

धैर्यधारण शिक्षा वर्णन ।

घनाक्षरी छन्द ।

आयो है अचानक भयानक असाता कर्म ताके दूर करवेको बली कोउ है रे। जउ मम माये तैं कमाये पुन्यपाप आप तेई अब आय मिळ सबै काल सहरे। अरे मेरे धीर काप होत है मधीर पामे कायको न सीर तू अकेलो आप सहरे। मर्दै दलगीर कुछ पोर न बिगड़ आव याहीतैं सयाने तू तमाशा-गीर रहर॥७१॥

होनहार दुर्निवार कथन ।

घनाक्षरी छंद ।

कैसेकैस बली भूप भूपर विख्यात भये बैरी कुछ कांपे नेक मोंहों के पिचार सों। संघेगिर सायर दिवायर से दिपैं जिन

७०। रसना — जिव्हा — जीभ। ७१। धीर — धीरज।
७२। सायर — सागर। दिवायर — दिवाकर (सूर्य)।

कायर किये हैं भट किरोड़न हुंकार सों। ऐसे महामानी मौत आये हूं न हार मानी उतरे न नेक कभी मानके पहार सों। देव सो न हारे पुनि दाने सों नहारे और काऊ सों न हारे एक हारे होम हार सों ॥ ७२ ॥

कालसामर्थ कथन।

घनाक्षरी छन्द।

लोहमई कोट कई कोटन की ओट करो कांगरन तोप रोप राखो पट भेरके ॥ चारोंदिश चेरागण चौकस होय चौकी दे चहू रङ्ग सेना चहों ओर रहो घेरके ॥ तहां एक भोहरा बनाय बीच बैठो पुनि बोलोमत कोउ जो बुलावै नाम टेर के। ऐसो परपञ्च पांति रचो क्यों न भांति भांति कैसे हूं न छोड़ै हम देखो यम हेर कै ॥ ७३ ॥

अज्ञानी जीव दुखी हैं ऐसा कथन।

मत्तगयन्द छन्द।

अन्तक सों न छुटै निश्चैपर मूरख जीव निरन्तर धूजे।

७३। चहुरंग = चतुरंग = हाथी, घोडे, रथ, पयादे। चमू = फौज। ७४। अन्तक = यम (काल)।

चाहत है चित में नित ही सुख होय न लाभ मनोरथ पूजै।
तू पर मन्दमति जगमें भाई आस बंध्यो दुख पावक मूंजै।
छोड़ विचक्षण ये जड़ लक्षण धीरजधार सुखी क्यों न हूजै॥७

धैर्यधारण शिक्षा वर्णन।

मत्तगयन्द छन्द।

ओमन साम सभाव लिख्यो प्रभु धीरज सुकृतके अनुसारे।
सोह मिलै कुछ फेर नहीं मरुदेश कि हेर सुमेर सिधारे।
कूप कियौं मर सागर म भर गागर मान मिलैजल सारे।
पातक बाप कहीं नहिं हाय कहा करिये भवसोच बिचारे॥७

आशानाम नदी वर्णन।

घनाक्षरी छन्द।

माह ने महान ऊंच पर्वत स ढर आई तिहुं जग भूतल को पाव बिसतरी है। बिबिध मनोरथ में भूरि जल भरी बहु तिशना तरङ्गन सौं आकुलता धरी है। परे भ्रमभंवर जहां राग स मगर तहां चिंता तट तुङ्ग धुस धम बाप हरी है।

ऐसी यह आशा नाम नदी है अगाध महा धन्य साधु धीर
धर तरणी चढ़ तरी है ॥ ७६ ॥

महामूढ़ वर्णन ।

-:(घनाक्षरी छन्द):-

जीवन कितेक तामें कहा बीत बाकी रह्यो तापै अन्ध
कौन कौन करै हेर फेर ही। आप को चतुर जानै औरन को
मूढ़ मानै सांझ होन आई है विचारत सवेर ही। चाम ही के
चक्षुन सौं चितवै सकल चाल उर सौं न चितवै कर गारो है
अन्धेर ही। बाहे बान तानकैं अचानक ही ऐसो यम दीसे है
मसान थान हाडन को ढेर ही। ७७।

१ २ ३ ४ ५ ६
केती बार स्वान सिंह सावर सियाल सांप सिन्धुर
७ ८ ९ १० ११ १२
सारङ्ग सूसा सूरी उदर परो। केती बार चील चमगादर चकोर
१३ १४ १५ १६ १७
चिरा चक्रवाक चातक चण्डूल तन भी धरो। केती बार कच्छ
१८ १९ २० २१ २२ २३ २४ २५
मच्छ मेंडक गिंडोला मीन शङ्ख सीप कौडी हो जलूका जल में

७६। तरणी = बेडी।

७७ चक्षु = आंख। ७८ सिन्धुर = हाथी। चक्रवाक = चकवा

तिरी। कोई कह आप रे किसावर सो बुरो मानै यों न मूढ़ आं
मैं अनेक बार ही मरो।७८।

दुष्ट जन वर्णन॥

छप्पै छन्द॥

कर गुण अमृत पान दोष विष विषम समप्पै।
वक्र चलन नहिं तजै युगल जिह्वा मुख थप्पै।
तकै निरन्तर छिद्र उदैपर दीपन रूप्पै।
बिन कारण दुख करै रविश कबहुं नहिं मुप्पै।
वर मौनमन्त्रसौं होय वश संगत कीये हान है।
बहु मिलत बान पावै सही दुर्जनसांप समान है॥७९॥

विधातासौं वितर्क कथन।

घनाक्षरी छन्द।

सज्जन जार कीनो सुन्दर रस सों कौन काज दुष्ट जीव
किया कालकूटसों कहा रही। दाता निरमापे फिर थापे क्यों
कलप वृक्ष याचक विचारे लघु तृण हू तैं हैं सही। इष्ट के
संयोग तैं न सीरो घन सार कुछ जगत को ख्याल इन्द्र जाल

७८। कंठ—ठेठी। ८ । काम मूढ़—बधिर

र्म है सही। ऐसी दोय वात दीखें विध एक ही सो तुम
काय को बनाई मेरे धोको मन है यही ॥ ८० ॥

चौबीस तीर्थंकरों के चिह्न वर्णन।

छप्पैछन्द।

१ २ ३ ४
गऊपुत्र गजराज वाजि वानर मन मोहै।
५ ६ ७ ८ ९
कोक कमल सांथिया सोम सफरीपति सोहै।
१० ११ १२ १३ १४
श्रीतरु गैंडा महिष कोल पुन सेही जानों।
१५ १६ १७ १८ १९ २०
वज्र हिरन अज मीन कलश कच्छप उर मानों।
२१ २२ २३ २४
शतपत्र शङ्ख अहिराज हरि ऋषभदेव जिन आदि ले।
श्रीवर्द्धमान लों जानिये चिन्ह चारु चौवीस ये। ८१।

श्रीऋषभदेवजीके पूर्वभव कथन।

घनाक्षरीछन्द।

१ २
आदि जैवरमा दूजै महावल भूप तीजै स्वर्ग ईशान

८१। वाजि = घोडा। सफरी पति = मच्छ। कोक = चकवा।
अज = बकरा। शतपत्र = कमल। अहि = साप। हरि = सिंह

ललितांग देव भयो है। चौथे वज्रजंघ राय पांचवें भुगल देह सम्यक ले दूजे देवलोक फिर गयो है। सातवें सुबुधि देव आठवें अच्युतइन्द्र नोमें मा नरिन्द्र वज्र नाभिनाम भयो है। दशमें अहेमिन्द्र जान ग्यारमें सर्वारथसिद्ध नाभि वंश भूधर के माथे जन्म लिया है।

श्रीचन्द्रप्रभुस्वामी के पूर्वभव कथन

गीता छन्द

श्रीवर्म भूपति पाल पहमो स्वर्ग पहले सुरभयो।
पुनि अजितसेन छखण्ड नायक, इन्द्र अच्युत में थयो।
वर पद्मनाभि नरेश निर्जर वैजयन्त विमानमें।
चन्द्र प्रभस्वामी सातवेंभव भये पुरुषपुराणमें॥ ८१॥

श्रीशान्तिनाथ स्वामाके पूर्व भव कथन।

सवैया इकतीसा।

सिरीसेन आरज पुनि स्वर्गी अमित तेज खचर पद पाय। -

८१। पर्याय — देह का बदलना॥

सुर रवि चूल[५] स्वर्ग आनत में अपराजित[६] वलभद्र कहाय।
अच्युत इन्द्र[७] वज्रायुध चक्री[८] फिर अहमिन्द्र[९] मेघरथ राय[१०]
सरवारथ सिद्धेश[११] शान्त जिन[१२] ये प्रभुकी वारह पर्याय॥८४॥

श्री नेमिनाथ जीके भव वर्णन ॥

छप्पै छन्द

पहिले भववन भील दुतिय अभिकेतु सेठघर। तीजै सुर सौधर्म्म चौम चिन्ता गति नभ चर। पंचम चौथे स्वर्ग छठै अपराजित राजा। अच्युत इन्द्र सातवें अमर कुल तिलक विराजा। सुप्रतिष्ट राय आठम नवें जन्म जयन्त विमान धर। फिर भये नेमि हरिवंश शशि ये दश भव सुधि करहु नर ॥८५॥

श्रीपार्श्वनाथ जी के भवान्तर नाम।

सवैया इकतीसा।

विप्र पूत मरू भूत विचक्षण वज्र घोप गज गहन मंझार।

८५। भव = जन्म।

सुरपुनिसहसरश्मि विद्याधर अच्युत स्वर्ग अमरी भरतार।
मनुज इन्द्र मध्यम ग्रैवेयक राजपुत्र आनंद कुमार।
आनतेन्द्र पद में भय जिनवर भये पार्श्व प्रभु के अवतार॥८६॥

राजा यशोधर के भवों का कथन।

मत्तगयन्द छन्द।

राय यशोधर चन्द्रमती पहिले भव मण्डल मोर कहावे।
स्याहक सर्प नक्रो मच्छमच्छ अजाअज भैंस अजा फिर आवे।
फेर भये कुकड़ा कुकड़ी इस सात भवान्तर में दुख पावे।
चून मईचरणायुध मारकथा सुन सन्त हिये धरलावे॥ ८७॥

सुबुद्धि सखी प्रति वचनोत्तर।

घनाक्षरी छन्द।

कहै एक सखी स्यानी सुनरी सुबुद्धि रानी तेरो पति दुखी देख लागे उर आर है। महा अपराधी एक पुग्गल है छहों माहिं सोई दुख देत दीखे नाना परकार है। कहत सुबुध आली कहा दोष पुग्गल को अपनीहि भूल लाल होत आप

८७। अजा — बकरी। अज — बकरा॥

स्वार है। खोटोदाम आपनो सराफै कहा लौ वीर काऊको न दोष मेरो भौंदू भरतार है॥ ८८॥

गुजराती भाषा में शिक्षा।

कडकाछन्द।

ज्ञानमय रूप रूडो वनो जेह न लखे क्यों न रे सुख पिण्ड भोला। वेगली देहथी नेह तोरूं करै पहनी टेव जो मेह वोला भेरनै मानभव दुक्ख पाम्या पछै चैन लाधो नथी एकतोला चलो दुख वृक्षन वीज वोवै तुमैं आपथी आपनै आप वोला

द्रव्यलिङ्गी मुनि निरूपण कथन।

मत्तगयन्द छन्द।

शीत सहैं तन धूप दहैं तरु हेट रहैं करुणा उर आनैं।
झूठ कहैं न अदत्त गहैं वनता न चहैं लछि लोभ न जानैं।
मौन वहैं पढ भेद लहैं नहि नेम जहैं व्रत रीत पिछानैं।
यों निवहैं परमोखनहीं विन ज्ञान यहैं जिनवीर वखानैं।९०

---

८८ भौंदू=महामूढ। ९० लछि=लक्ष्मी।

अनुभव प्रशंसा कथन।

घनाक्षरी छन्द।

जीवन अलप आयु बुद्धि बल हीनता में आगम अगाध सिन्धु कैसे ताहि डाक है। द्वादशांगमूलएकअनुभौअपूरबकला भवदाघहारी घनसार की सलाक है। यही एक सीख लीजै याही को अभ्यास कीजै याही रस पीजै ऐसो वीर जिन वाक है। इतनों ही सार यही आतमको हितकार यहीं लौं मदार फिर आगे दूकढाक है ॥ ९१ ॥

श्री भगवानसों विनती।

घनाक्षरी छन्द।

आगम अभ्यास होव सेवा सरवज्ञ तेरी संगत सदीव मिलो साधरमी जनकी। सन्तन के गुनको बखान यह बान परै मेटोटव देव पर औगुन कथन की। सब ही सौं ऐनसुख दैन मुख बैन भाखो भावना त्रिकाल राखो आतमीक धनकी जौलों कर्मकाटखोलूं मोक्ष के कपाट तोलूं यही बातहूजो प्रभु पूजो आस मनकी ॥ ९२ ॥

९१। अलप=थोडा। आगम=शास्त्र। ९२ कपाट=किवाड़ दरवाजा॥

जैनमत प्रशंसा कथन।

दोहा छन्द।

छपे अनादि अज्ञानतें जग जीवन के नैन।
सब मत मूठी धूलकी अञ्जन जगमैं जैन ॥ ९३ ॥
भूल नदी के तिरनको और जतन कछु है न।
सब मत घाट कुघाट है राजघाट है जैन ॥ ९४ ॥
तीन भवन में भर रहे थावर जङ्गमजीव।
सब मतभक्षक देखिये रक्षक जैन सदीव ॥ ९५ ।
इस अपार भवजलधि मे नहिंनहिं और इलाज।
पाहन वाहन धर्मसब जिनवरधर्म जिहाज ॥ ९६ ॥
मिथ्या मत के मदछिके सब मत वाले लोय।
सब मत वाले जानिये जिनमत मत्त न होय ॥ ९७ ॥
मत्त गुमान गिर पर चढे बडे भये जग माह।
लघु देखें सब लोक को क्या ही उतरत नांह ॥ ९८ ॥
चाम चक्षुसों सब मती चितवत करत न वेर।
ज्ञान नैनसों जैन ही जोवत इतनो फेर ॥ ९९ ॥

---

१०१ शिव सरवर = मोचरूप सरोवर ।

के सुवश धर्मरागीनर तिनके कहेसै जोड़कीनो एक ठानै है फिर फिर प्रेरै मेरे आलसको अन्तभयो जिनकी सहाय यह मेरे मन मानै है ॥ १०६ ॥

सतरहसै इक्यासिया पोह पाख तम लीन ।
तिथ तेरस रविवार को शतक सपूरणकीन ॥ १०७

इति श्रीभूधरजैनशतक सम्पूर्णम् ।

कर्त्ता खंडन का फोटो।

लावनी

अर्थात्—वह लेख कि जिस में यह सिद्ध किया है कि ईश्वर सृष्टि का कर्ता हर्ता नहीं है, जिस को जिनधर्म्म सेवक ज्योतिप्रसाद प०जे० सुपुत्र लाला नत्थूमल जैनी मुहल्ला चाहपारश देववन्द निवासी ने वनाया, और उन की आज्ञानुसार उमेदसिंह मुसद्दीलाल अमृतसर निवासी ने छपवाया ॥

सूचना।

सेवक को वहुत वड़ा विचार है कि इस लेख को पढ़ कर वहुत से भ्रातृगण मुझे अप्रमाण दूपित ठहरावेंगे परंतु जो वह भाई न्याय दृष्टि से पक्षपात रहित होकर विचार वान होय पढेंगे तो अवश्य है कि वह सत्य भेद पाकर

अत्यन्त आनन्दित होंगे इस कारण सर्व पुरुषों से प्रार्थना है कि इस लेख को न्याय पूर्वक ध्यान सहित पढ़ें और सुनें जिस से सत्या सत्य का निर्णय हो ॥

लावनी ।

कर्तावादी कहैं जीवका कर्ता हर्ता परमेश्वर ।
सृष्टी को रच जीव बनाय इसमें सन्देह पड़े नजर ।
अगर रची सृष्टी ईश्वरने फिर क्यों अंतर दिखाई खास ॥
एक सुखी एक दुखी बनाया एक धनी निर्धन कंगाल ॥
ऊंच नीच क्यों पुरुष बनाये एक दयालु एक चंडाल ।
सब जीवोंपर समदृष्टी क्यों रहा न इसका कहीये हाल ॥
अगर कहोगे अपने मन की वह रखता हरदम खुशहाल ।
करें बुराई जो ईश्वर को उसे देत दुख अति विकराल ॥
ता खुशामदी हुआ ईश्वर बड़ा दोष यह करिये ख्याल ।
अगर कहो अनुसार कर्म के देता है सुख दुख फल माल ॥
तबतो यह बतलाओ जीव के संग कर्म लगे क्योंकर ।
कर्तावादी कहैं जीवका कर्ता हर्ता परमेश्वर ॥ १ ॥
जब ईश्वर ने प्रथम जीव को पैदा किया जगत के माह ।
तब तब कर्म जीव के संगमें लगे हुवे थे या कि नाह ॥

अगर कहोगे कर्म संग थे यह तो बात हुई बे राह।
किये कर्म बिन कर्म कहां से आय जीव को किया तबाह॥
अगर कहोगे कर्म नहीं थे सग जीव के जन्मत यार।
फिर यह आये कर्म कहां से इसका बतलाओ विस्तार॥
किये कर्म क्यों पैदा ईशने करें जीव को जो लाचार।
कर्म जीव पर करा ईशने क्यों सुख दुख यह दीना डार॥
झूठ बात यह हुई सरासर मनमें समझो जरा चतुर।
कर्ता वादी कहैं जीवका कर्ता हर्ता परमेश्वर॥ २॥
अगर कर्म अनुसार ईशसे दंड सभी पाता संसार।
तबतो दंड लहा गनिका ने करै भोग फैला व्यभिचार॥
जिसके कारन प्रगट रहा दिख भ्रष्ट हुये जगमें नर नार।
अगर कहो स्वाधीनपने से करती है गनिका यह कार॥
फिर कहते सर्वज्ञ ईशको तीन काल की जाने बात॥
तब क्यों रची देह गनिकाकी जब उसको था इतना ज्ञात।
हो करके स्वाधीन यह गनिका भ्रष्टाचार करें जग बीच॥
तब तो दोष हुआ ईश्वरको किया जान यह करतब नीच।
ईश्वर के सर्वज्ञ पने में लगें दोष अरु सुनो ज़िकर।
कर्तावादी कहैं जीवका कर्ता हर्ता परमेश्वर॥ ३॥
दुष्ट लोग जीवों को मारें वे रहमी से हरते प्राण।

किये ईश्वर ने क्यों पैदा जब उसको था इतना ज्ञान ॥
अगर कहोगे पाती द्वारा दंड खुद हैं जीव मजान।
आज्ञा से ईश्वर की अपने करतब का फल भोगन आन।—
जब घातक ने ईश्वर की आज्ञा से कीना जीव संहार ॥
फिर क्यों उसको दोष लगावें पापी दुष्ट कहैं संसार।
जैसे किसी धनी घर चोरी करी चोर धन लिया अपार॥
धनी पुरुष के कर्म योग से करवाई चोरी करतार।
दंड मिला निरदोष चोर को था ईश्वर का दोष मगर।
कर्त्ता वादी कहैं जीव का कर्त्ता हर्त्ता परमेश्वर ॥ ४ ॥
अगर कहोगे पापी नर का है अपराध बात ली मान।
फिर क्यों पैदा किये इसने पापी जन चण्डाल महान॥
अगर जान कर इन्हें बनाये तब ईश्वर चंडाल समान।
अगर किये बिन जाने पैदा तब तो है मूरख नादान॥
हुआ गम्य सर्वज्ञ पना अब रक्षक पन पर करिये गौर।
जब करता है जगका रक्षा तब क्यों कीने इन अब चोर
अगर कहोगे ज्ञान पाप का यही किया चोरी के तौर।
फिर क्यों पहरेदार बनाये फिरैं जगाते कर २ शोर॥
तब तो दगा बाज है ईश्वर जब करता यह कपट मकर।—
कर्त्ता वादी कहैं जीव का परमेश्वर ॥ ५ ॥

और यह भी कहते हो ईश्वर सब के घट में रहा है व्याप
जब ईश्वर घट २ का वासी फिर तो आप करें पुन पाप ॥
आपही ईश्वर पाप करै है जग जीवोंको दे सताप।
यह अन्याय है प्रगट नीति से इसको तो मानोगे आप ॥
और दूसरे जब घट २ में ईश्वर का प्रकाश निवास।

फिर स्वाधीन जीव ही कैसे हरदम रहै ईश जब पास ॥
सच अरु झूठ कपट छल जग मे पाप पुन्य जितने व्यवहार
सभी कराता है परमेश्वर जीव करै होकर लाचार।
करै ईश्वर भरै जीव दुख यह ईश्वर में बडी कसर।
कर्ता वादी कहैं जीव का कर्ता हर्ता परमेश्वर ॥ ६ ॥

घट २ व्यापी जब परमेश्वर तब मेरे घट वास जरुर।
मगर ईश के करता पन का मैं खण्डन करता भरपूर ॥
तवतो अपना खुद खण्डन वह करै मेरा नहीं जरा कसूर
अगर मेरा अपराध कहो तब रहै नहीं ईश्वर का नूर।

फिर कहते हो निरकार वह जिसका नहीं कोई आकार।
मगर विना आकार रचै क्या वस्तु दिल में करो विचार ॥
अंग हीन नर क्या कर सक्ता हाथ पैर विन जब लाचार।
है अचरज की बात विना आकार रचै ईश्वर संसार ॥

और यह भी कहते हो ईश्वर सब के घट में रहा है व्याप
जब ईश्वर घट २ का वासी फिर तो आप करै पुन पाप ॥
आपही ईश्वर पाप करै है जग जीवोंको दे संताप।
यह अन्याय है प्रगट नीति से इसको तो मानोगे आप ॥
और दूसरे जब घट २ में ईश्वर का प्रकाश निवास।

फिर स्वाधीन जीव ही कैसे हरदम रहै ईश जब पास ॥
सच अरु झूठ कपट छल जग में पाप पुन्य जितने व्यवहार
सभी कराता है परमेश्वर जीव करै होकर लाचार।
करै ईश्वर भरै जीव दुख यह ईश्वर में बडी कसर।
कर्ता वादी कहै जीव का कर्ता हर्ता परमेश्वर ॥ ६ ॥

घट २ व्यापी जब परमेश्वर तब मेरे घट वास जरूर।
मगर ईश के करता पन का मैं खण्डन करता भरपूर ॥
तबतो अपना खुद खण्डन वह करै मेरा नहीं जरा कसूर
अगर मेरा अपराध कहो तब रहै नहीं ईश्वर का नूर।

फिर कहते हो निराकार वह जिसका नहीं कोई आकार।
मगर बिना आकार रचै क्या वस्तु दिल में करो विचार ॥
अंग हीन नर क्या कर सक्ता हाथ पैर बिन जब लाचार।
है अचरज की बात बिना आकार रचै ईश्वर संसार ॥

ऐसी झूठ बात को माने नहीं कोइ भी ज्ञानी नर।
कर्त्ता वादी कहैं जीव का कर्त्ता हर्त्ता परमेश्वर ॥ ७ ॥
फिर कहते हो परमेश्वरको ज्योतीस्वरूप सदा सुखकार।
निरंकार पन नष्ट होगया जब उसका है रूप आकार ॥
सर्व शक्ति नहीं रहो ईश में जब सब जीव हुये स्वाधीन।
सर्व ज्ञान नहीं रहा ईश में नहीं दयालु करी यकीन॥
नहीं रहा घट २ का व्यापी समदृष्टी भी रहा न ईश।
रक्षक पन नहीं करा ईश न निर्विकार भी नहि जगदीश॥
औ २ गुन तुम वर्णन करते कर्त्ता पन में रहैं न एक।
नहीं ओप का कर्त्ता ईश्वर ज्ञानो लोगो करो विवेक॥
ईश्वर होता है महा दोषी उसको कर्त्ता कहो अगर।
कर्त्ता वादी कहैं जीवका कर्त्ता हर्त्ता परमेश्वर ॥ ८ ॥
एक बात का म र गुमाजन जरा गवास से करियो बयास
ईश्वर न रच कारक सृष्टि क्या सिर अपने धरा वबाल॥
अपन मग्न आनन्दमें उसमें व्यर्थ फिकर क्या लीना डाल।
हुआ फायदा क्या ईश्वर को फैलाया यह माया जाल॥
अगर कहाग ईश्वर न रच जग का हुनर दिखाया है।
में हूं ऐसा क्या गुणी जन मतो यह सब माया है॥
तब तो करतब उसई दिखाया खुदको जिसने बनाया है।

वडा घमण्डी म.न के मारे जग का जाल विछाया है ॥
किस कारन से दुनिया को रच किया ईशने प्रगट हुनर।
कर्ता वादी कहे जीव का कर्ता हर्ता परमेश्वर ॥ ९ ॥
कर्ता पनका कहा हाल अव हर्ता पन का सुनो जिकर।
अपने हाथ वनाकर वस्तु नहीं हरे कोई ज्ञानी नर ॥
अगर चतुर नर किसी वस्तु को वना वना दे खंडित कर
उसे कहे सव मूरख दुनिया यह तो आती साफ नजर ॥
लिख कर साफ इवारत जो मेटै अपने हाथ वसर।
समझो उसको गलत इवारत या कुछ उसमें रही कसर।
कहो जीव रचने में ईशने की गलती या भूला डगर।
या मूरख पन किया ईशने हरे जीव पैदा कर २ ॥
नहीं ईश्वर हरै किसी को दोष लगावे उसके सर।
कर्ता वादी कहैं जीवका कर्ता हर्ता परमेश्वर ॥ १०
करो झूठ अरु सच को निर्णय पक्षपात को तज गुणवान।
कर्ता पन में परमेश्वर के होता है सव भ्रष्ट जहान ॥
ईश्वर के सिर दोष लगै अति पापी कपटी अरु नादान।
तुम ईश्वर को दोष लगावो फिर वमते हो भक्त महान ॥
अरे भाई जो कर्म करोगे उसका फल भोगोगे आप।
कहे शास्त्र सुत करै भरै सुत वाप करै सो भोगे वाप ॥